हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.5 डिग्री

13 खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय खेलों में बहाया पसीना, उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीते मुकाबले



14 ओवरलोडिंग के झंझट से मुक्त हुआ सब स्टेशन, मेन पावर हाउस की क्षमता हुई 300 एमवीए



## नियमों को ताक पर रखकर की जा रही पेट्रोमैक्स सिलेंडरों की बिक्री

# तीस हजार से ज्यादा अप्रवासी परिवार अधिकांश कर रहे 'छोटू' का इस्तेमाल

### धारूहेड़ा हादसा रहा छोटे सिलेंडर की अवैध रिफिलिंग का परिणाम

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा और बावल दोनों औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 1.5 लाख श्रमिक काम करते हैं। तीस हजार से अधिक परिवार इन क्षेत्रों के आसपास रिहायशी इलाकों में रह रहे हैं, जिनमें से अधिकांश खाना पकाने के लिए एलपीजी के पेट्रोमैक्स यानि छोटे सिलेंडरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग न सिर्फ सस्ते और कम लेयर वाले सिलेंडरों का इस्तेमाल करते हैं, बल्कि उन्हें रिफिल कराने के लिए भी दुकानदारों का सहारा लेते हैं। धारूहेड़ा के ओम नगर में बुधवार की रात हुआ सिलेंडर में ब्लास्ट इसी का परिणाम माना जा रहा है। ब्लास्ट में चार लोग झुलस गए थे, जिनमें से एक ही हालत अभी भी चिंताजनक बताई जा रही है। इन औद्योगिक क्षेत्रों में 30 हजार से अधिक अप्रवासी परिवार रह रहे हैं। बड़ी संख्या में कमरे किराए पर लेकर दो से पांच तक श्रमिक इनमें रह रहे हैं। कम आय वर्ग के परिवारों और श्रमिकों के लिए एलपीजी कनेक्शन लेना आसान नहीं होता, जिस कारण अधिकांश खाना पकाने के लिए पेट्रोमैक्स सिलेंडरों का इस्तेमाल ही करते हैं। सिलेंडरों के खरीददारों और रिफिलिंग कराने वाले लोगों की संख्या ज्यादा होने के कारण बड़ी संख्या में मुनाफाखोर दुकानदार भी दोनों औद्योगिक क्षेत्रों में छोटे सिलेंडरों की बिक्री और रिफिलिंग का कार्य कर रहे हैं। पहले ऐसे दुकानदार खुले में सिलेंडर रखकर बिक्री और रिफिलिंग करते थे। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की सख्ती के बाद अब दुकानों के अंदर या साथ सटे मकानों में सिलेंडरों की रिफिलिंग की जाती है।

बुधवार की रात भी दुकान के अंदर के हिस्से की ओर बने कमरे में छोटा सिलेंडर रिफिल किया जा रहा था, जिससे अचानक ब्लॉस्ट होकर चार लोग शिकार हो गए। एक बार हादसा होने के बाद दुकानदार कुछ समय के लिए अपना धंधा बंद कर देते हैं। मामला ठंडा पड़ने के बाद फिर से धंधा तेजी से शुरू कर दिया जाता है।



रेवाड़ी। शहर के नया बाजार में छोटा सिलेंडर भरवाकर ले जाता युवक। फोटो : हरिभूमि

### जल्द चलाया जाएगा अभियान



अवैध रूप से छोटे सिलेंडरों की बिक्री और रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जल्द अभियान शुरू किया जाएगा। आम लोगों को छोटे सिलेंडर या तो गैस एजेंसियों से लेने चाहिएं या फिर दुकान से खरीदते समय आईएसआई मार्का फोर लेयर सिलेंडर ही खरीदने चाहिएं।
-नितिश सिंगला, डीएफएससी।

### जब्त करने तक सीमित कार्रवाई

खास बात यह है कि गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री और रिफिलिंग पकड़े जाने पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के पास सिलेंडर जब्त करने के अलावा किसी अन्य कार्रवाई का अधिकार तक नहीं है। बड़ी संख्या में सिलेंडर पकड़े जाने पर ईसी एक्ट के तहत केस ही दर्ज कराया जा सकता है। विभाग के पास चालान करने तक की पावर नहीं है, जिस कारण सख्ती नहीं बरती जाती।

### मार्च माह में पकड़ा सिलेंडर गोदाम

अमेरिका-इजराल व ईरान युद्ध के दौरान एलपीजी की किल्लत को देखते हुए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने गैस के अवैध इस्तेमाल को रोकने के लिए छापेमारी शुरू की थी। 18 मार्च को विभाग की टीम ने बावल में एक गोदाम से लगभग 2.5 हजार पेट्रोमैक्स बरामद किए थे, जो दो लेयर के बने हुए थे। विभाग की टीम ने सिलेंडर जब्त करने के बाद गोदाम मालिक के खिलाफ ईसी एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। इससे अन्य दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया था।

### ब्लास्ट के खतरों की परवाह नहीं

धारूहेड़ा के ओमनगर में हुए सिलेंडर विस्फोट ने स्पष्ट कर दिया कि अवैध सिलेंडरों का इस्तेमाल कितना खतरनाक हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन सिलेंडरों में सुरक्षा वाल्व और अन्य आवश्यक मानक नहीं होते। थोड़ी सी लापरवाही या तकनीकी खराबी भी बड़े हादसे में बदल सकती है। कम लेयर वाले सिलेंडर गैस का दबाव बढ़ते ही फट सकते हैं, लेकिन मुनाफाखोरों को इसकी कोई परवाह नहीं होती।

### मजबूरी का फायदा उठा रहे लोग

अप्रवासी श्रमिकों के पास अधिकृत घरेलू एलपीजी कनेक्शन नहीं होने या महंगा पड़ने के कारण वह सस्ते विकल्प तलाशते हैं। इसी मजबूरी का फायदा उठाकर कुछ कारोबारी अवैध सिलेंडरों का नेटवर्क चला रहे हैं। कुछ सौ रुपये बचाने की कोशिश कई बार लोगों की जान पर भारी पड़ जाती है। लगभग एक साल पहले भी रिफिलिंग के दौरान सिलेंडर फट गया था। इसके बावजूद लोग सबक नहीं ले रहे।

### बीएस मानक के सिलेंडर ही मान्य



रेवाड़ी। मार्च माह में पकड़े गए छोटे सिलेंडर।

बाहरी श्रमिकों को आसानी से गैस की उपलब्धता कराने के लिए सभी गैस एजेंसियों पर सिलेंडर मुहैया कराने की व्यवस्था की जा चुकी है। इन एजेंसियों पर बीएस स्टैंडर्ट के आईएसआई मार्का सिलेंडर उपलब्ध हैं, जो चार लेयर के बने हुए हैं। यह सिलेंडर इस्तेमाल में पूरी तरह सुरक्षित हैं। इनकी रिफिलिंग भी एजेंसियों पर ही होती है। कहीं का भी पहचान देकर एजेंसी से छोटा सिलेंडर आसानी से खरीदा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना रोहड़ाई पुलिस ने सड़क हादसे के बाद मौके से फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रोहतक नेशनल हाइवे पर एक वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत होने के बाद गत 27 जुलाई को चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने महेंद्रगढ़ के मारोली निवासी बिजेंद्र को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने गत दिनों नलकूपों की केबल चोरी करने के आरोप में राजस्थान के घीकाका निवासी कोशिंद्र व उसके साथी को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से चोरी की गई केबल बरामद करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया था। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने 21 मई को दर्ज किए गए चोरी के मामले में पूछताछ करने के लिए कोशिंद्र को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है।

### स्नेचिंग मामले का फरार आरोपी काबू

रेवाड़ी। थाना खोल पुलिस ने लगभग 8 साल पहले दर्ज घर में घुसकर मारपीट करने और स्नैचिंग के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नांधा गांव में मारपीट के बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 21 जुलाई 2028 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने स्नेचिंग करने व मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी भिवानी के नया बाजार निवासी रिंकू उर्फ हैंडसम को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना रामपुरा पुलिस ने भोतवास अहीर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 20 जुलाई को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। उसने मारपीट कर घायल करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में भोतवास अहीर निवासी विकास और धीरज को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपी काबू

रेवाड़ी। पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लगभग 2 साल पहले मिली एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। उनके सहमति नहीं बनने के बाद पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने रोहतक के सोनीपत रोड निवासी मयंक को गिरफ्तार किया है।

### यादव सभा का स्वास्थ्य जांच शिविर 2 को

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 2 अगस्त को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में अनुभवी डॉक्टर मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, चर्म रोग व बाल रोग में ओपीडी सेवाए प्रदान करेंगे। कैंप में फिजियोथेरेपी की सुविधा भी दी जाएगी।

## बाइक की टक्कर से कंपनी कर्मचारी की मौत

- पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाइक चालक की तलाश शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बुधवार रात दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर आसलवास के निकट बाइक की टक्कर से एक कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी।

यूपी के इलाहाबाद का रहने वाला 20 वर्षीय मयंक शर्मा एक कंपनी में कार्यरत था। वह कसोला चौक के पास किराए के मकान में रहा था। रात को ड्यूटी करने के बाद वह पैदल अपने कमरे की ओर जा रहा था। आसलवास के पास एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वीरवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया।

### अवैध शराब बेचने के मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। अवैध शराब बेचने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मारकर चार लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

मॉडल टाउन थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि हनुमान मंदिर बड़ा तालाब निवासी अजय अवैध रूप से शराब बेचता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर रेड की तो उसके कब्जे से 46 पव्वे देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में सिटी पुलिस ने कुतुबपुर निवासी मोहित, हर्ष और संघी का बास निवासी योगेश को 2 पेटी देशी और 6 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

### करंट की चपेट में आए युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

रेवाड़ी। माजरा श्योराज में दस दिन पहले कुआं पूजन समारोह के दौरान करंट की चपेट में आए एक युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। गांव में गत 19 जुलाई को शाम के समय कुआं पूजन का कार्यक्रम था। वहां डीजे के आसपास डांस चल रहा था। इसी दौरान 41 वर्षीय शिव कुमार डीजे की गाड़ी पर चढ़ गया। गाड़ी पर चढ़ते ही बिजली के तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसे करंट लग गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा था। गत बुधवार को उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। जांच अधिकारी एएसआई आकाश ने बताया कि शिवकुमार को डीजे की गाड़ी पर चढ़ने के बाद करंट लगने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा।

## सड़क हादसे में एक भाई की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बुधवार देर रात चीताडूंगरा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला राजस्थान की सीमा से जुड़ा होने के कारण मांढण थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। चीताडूंगरा निवासी 30 वर्षीय योगेश अपने बड़े भाई जोनी के साथ राजस्थान के लोहारी की एक कंपनी में कार्यरत था। रात को ड्यूटी खत्म करने के बाद दोनों भाई बाइक से घर लौट रहे थे। कुंड फ्लाईओवर के पास पहुंचने पर किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां योगेश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना खोल पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को पहले पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा गया। बाद में पता चला कि हादसा राजस्थान की सीमा में हुआ है। इसके बाद खोल थाना पुलिस ने राजस्थान के मांढण थाना पुलिस को सूचित किया। वीरवार को राजस्थान पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने वाहन और उसके चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करें अधिकारी: डीसी

रेवाड़ी। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी अभिषेक मीणा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनी। डीसी ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। समाधान शिविर में रामगढ़ से चित्रपुरी जाने वाले रास्ते पर हो रहे अवैध कब्जे, शहर के सेक्टर-18 में अतिक्रमण, गांव मुढ़यिा खेड़ा में खेत में गांव का दूषित पानी आने सहित परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं तथा बिजली, पानी, सीवरेज व पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों के लिए अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी हेमेंद कुमार मीणा, एडीसी राहुल मोदी व सीटीएम जितेन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## एसडीएम के तबादले पर बांटे गए लड्डू

- बार हॉल में बैठक करने के बाद आंदोलन समाप्त करने की घोषणा

रेवाड़ी। एसडीएम सुरेश कुमार के तबादले की मांग पर आंदोलन कर रहे वकीलों ने वीरवार को बार हॉल में बैठक का आयोजन करने के बाद हड़ताल खत्म करने की घोषणा कर दी। इसके बाद कोर्ट में परिसर में लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया गया। एसडीएम के तबादले को वकीलों ने अपने संघर्ष की जीत बताते हुए कहा कि इससे दूसरे अधिकारियों को भी सबक मिलेगा। हड़ताल खत्म होने के बाद अदालती कामकाज सुचारू रूप से शुरू हो गया है। जिला प्रधान विश्वामित्र की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वकीलों ने हिस्सा लिया। प्रधान विश्वामित्र ने कहा कि सरकार से एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर वकीलों ने जिस तरह से एकता का परिचय दिया, वह अपने आप में एक मिशाल है। वकीलों की एकता के सामने ही सरकार को एसडीएम के तबादले का निर्णय लेना पड़ा। वकीलों ने पूरे दस दिन तक एकजुट होकर अपनी ताकत का परिचय कराया, जो काफी सराहनीय है। अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि वकीलों की एकता से दूसरे अधिकारियों को भी सबक मिलेगा।



### पाल्हावास की कोर्ट भी रेवाड़ी में

बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी तिवारी ने बताया कि एसडीएम के खिलाफ शुरू किए गए आंदोलन के बीच प्रशासन से मांग की गई थी कि रेवाड़ी से पाल्हावास स्थानांतरित किए गए राजस्व कोर्ट को वापस रेवाड़ी लाया जाए। उनकी मांग पर डीसी अभिषेक मीणा ने पाल्हावास से राजस्व कोर्ट को फिर रेवाड़ी लाने का आश्वासन दिया है, जो सभी अधिवक्ताओं के सांझा संघर्ष का परिणाम है। इस मौके पर उपाध्यक्ष सुमन यादव, सचिव मनोज कुमार यादव, सहसचिव मोनू, कोषाध्यक्ष चिराग शर्मा व राजकुमार गेरा सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

## पुलिस बल के साथ विभिन्न संदिग्ध मकानों और सार्वजनिक स्थानों की तलाशी ली

# टीमों ने नशा तस्करों के ठिकानों पर की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

जिला पुलिस की ओर से वीरवार को अपराधों और नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई की गई। सीआईए कोसली व पुलिस थाना कोसली की टीमों ने संयुक्त रूप से कोसली क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सर्च एवं चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत नठेड़ा रोड, साल्हावास रोड, हुड्डा के पास स्थित झुग्गी बस्तियों व कोसली गांव के मोहल्ले सहित कई संवेदनशील स्थानों पर छापा मारा गया। कोसली थाना एसएचओ मनोज कुमार, सीआईए कोसली इंचार्ज पीएसआई नितीश कुमार व उनकी टीम ने भारी पुलिस बल के साथ विभिन्न संदिग्ध मकानों और सार्वजनिक स्थानों की तलाशी ली। अलसुबह अचानक हुई छापेमारी से नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया।



रेवाड़ी। कोसली क्षेत्र में चेंकिंग करती पुलिस टीम, कोसली की बस्ती में तलाशी लेते हुए पुलिस।



### बख्शे नहीं जाएंगे नशा तस्कर: एसपी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले को पूरी तरह से नशामुक्त बनाना और समाज में सुरक्षित माहौल पैदा करना है। जो लोग युवाओं को नशे की गर्त में धकेल कर उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस नशे के काले कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय हैं और यह चेकिंग अभियान भविष्य में भी इसी तरह पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे जिले को अपराध और नशामुक्त बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। यदि किसी भी नागरिक को अपने आसपास नशा बेचने, तस्करी करने या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत पुलिस को डायल 112 या मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर सूचित करें।

### शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम आज

- मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड सेशन जज राकेश कुमार शिरकत करेंगे

रेवाड़ी। शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर 31 जुलाई को बाल भवन शाम 4 बजे से 6 बजे तक प्रगतिशील साहित्यिक सांस्कृतिक मंच की ओर से श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। रिटायर्ड ईओ मनोज यादव, कैलाश चंद व हरिओम ने बताया कि कार्यक्रम में नवजागरण काल के मनीषी ईश्वर चंद विद्यासागर, मुंशी प्रेमचंद और शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड सेशन जज राकेश कुमार शिरकत करेंगे।

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# जब दोस्त हैं साथ खुशियां हैं पास

हर बच्चे का कोई ना कोई दोस्त जरूर होता है। टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दोस्त बनाने में पीछे नहीं रहते। इनकी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है? इनका अपने फ्रेंड्स के साथ बिताया कोई मेमोरेबल मोमेंट कौन-सा है? इस बार ये फ्रेंडशिप-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे? फ्रेंडशिप-डे के मौके पर इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का अपने सभी फ्रेंड्स को क्या मैसेज है, बता रहे हैं **बालभूमि** को।

## फ्रेंड्स खुलकर जीने का मौका देते हैं उर्वा सवालिया



**सोनी सब** के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में बाल अर्जुन की भूमिका में उर्वा सवालिया दर्शकों की खूब तारीफ बटोर रहा है। अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की इंपॉर्टेंस के बारे में उर्वा बताता है, 'मेरे फ्रेंड्स मुझे बिना किसी फिल्टर के हंसने और खुलकर जीने का मौका देते हैं। मेरे लिए दोस्ती का मतलब है- बिना शर्त के एक-दूसरे का साथ देना और खूब मस्ती करना।' अपने फ्रेंड्स के साथ एक मेमोरेबल मोमेंट को याद करते हुए उर्वा बताता है, 'एक बार मेरा डांस परफॉर्मेंस था। मैं काफी नर्वस हो रहा था। मेरे पैरेंट्स के साथ मेरे फ्रेंड्स भी इस इवेंट में आए थे। उन्होंने चार्ट पेपर पर 'यू कैन डू इट!' लिखकर मेरा हौसला बढ़ाया। मैंने जमकर परफॉर्म किया। इससे मुझे फर्स्ट प्राइज मिला। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि जब दोस्त साथ हों, तो बड़े से बड़ा डर दूर भाग जाता है।'

इस फ्रेंडशिप-डे पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में उर्वा बताता है, 'इस बार मैंने अपने सभी क्लोज फ्रेंड्स के साथ 'नो मोबाइल, ओनली फन डे' प्लान किया है। हम सब मिलकर एक पार्क में जाएंगे, जहां कोई भी मोबाइल या आईपैड नहीं छुएगा। हम अपने पुराने खेल जैसे छुपन-छुपाई, खो-खो और पिट्ठू खेलेंगे। इसके अलावा, मैं अपने हाथों से सबके लिए कस्टमाइज्ड फ्रेंडशिप बैंड्स बना रहा हूं, जिसमें उनके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स होंगे।' फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए उर्वा का प्यारा सा मैसेज है, 'ऐसे हर दोस्त को दिल से शुक्रिया कहो, जो बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहता है। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## सच्ची दोस्ती का मतलब है एक-दूसरे का साथ देना भूमि रामोला



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली का रोल प्ले कर रही भूमि रामोला को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। भूमि की लाइफ में उसके फ्रेंड्स बहुत इंपॉर्टेंस रखते हैं। वह कहती है, 'मेरे लिए दोस्त भगवान का दिया सबसे प्यारा उपहार है। अपने फ्रेंड्स के साथ हंसना-खेलना और नई-नई बातें सीखना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरे लिए सच्ची दोस्ती का मतलब सिर्फ साथ खेलना नहीं, एक-दूसरे का साथ देना, एक-दूसरे की खुशियों में खुश होना और हमेशा अच्छे दोस्त बने रहना है।' अपना मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट शेयर करते हुए भूमि बताती है, 'मेरी स्कूल की दोस्त (नायरा) ने फ्रेंडशिप-डे पर अपने हाथों से मेरे लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाया था। वो मेरा पहला फ्रेंडशिप गिफ्ट था, इसलिए वो मोमेंट आज भी मेरे दिल के बहुत करीब है।'

इस बार फ्रेंडशिप-डे की प्लानिंग के बारे में भूमि बड़े उत्साह से बताती है, 'फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप बैंड दूंगी, उनके साथ खूब बातें करूंगी, गेम्स खेलूंगी और बहुत सारी मस्ती करूंगी। साथ ही मैं अपने हर दोस्त को दिल से 'थैंक यू' बोलूंगी, क्योंकि अच्छे दोस्त हर दिन को और ज्यादा खास बना देते हैं।'

फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने सभी फ्रेंड्स के लिए भूमि का मैसेज है, 'हमेशा सच्चे दोस्त बनो, एक-दूसरे की मदद करो, दोस्तों के साथ खूब हंसो, कुछ अच्छा सीखो और कभी किसी दोस्त का दिल मत दुखाओ। अपनी दोस्ती को हमेशा दिल से निभाओ। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा कनेक्टेड रहें अबान खान



**स्टार प्लस** के शो 'उड़ने की आशा' में अबान खान को लक्ष्य की भूमिका में खूब पसंद किया जा रहा है। अबान से पूछने पर कि तुम्हारी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है, वह मुस्कराते हुए जवाब देता है, 'जिंदगी में दोस्तों का होना बहुत जरूरी है। दोस्तों के साथ हम सिर्फ एंज्वॉय ही नहीं करते, अपने कामों में उनकी मदद भी लेते हैं। मेरे फ्रेंड्स तो नोट्स कंप्लीट कराने में मेरी हेल्प करते हैं। मेरे साथ क्रिकेट भी खेलते हैं। शो 'उड़ने की आशा' में मेरे साथ काम करने वाले पंखुरी और आर्या मेरे बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। हम लोग सेट पर भी खूब मस्ती करते हैं।'

अबान का अब तक का मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट कौन-सा था, वह याद करते हुए बताता है, 'एक बार ईद के दिन मैं मम्मी को बिना बताए अकेले अपने फ्रेंड्स के घर ईद मनाने चला गया था। मैंने दोस्तों के साथ खूब एंज्वॉय किया। उधर घर वाले मुझे ढूंढ रहे थे, परेशान हो रहे थे। जब मैं वापस घर गया तो मुझे डांट पड़ी कि त्योहार पर दोस्तों से मिलना अच्छी बात है, लेकिन घर वालों को पता होना चाहिए कि तुम कहां जा रहे हो?'

इस बार फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करने की क्या खास प्लानिंग है, पूछने पर अबान बताता है, 'मैं फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड्स के साथ टाइम स्पेंड जरूर करूंगा। उनके साथ क्रिकेट खेलूंगा और मूवी देखूंगा। फ्रेंडशिप-डे पर जब अपने शो की शूटिंग पर जाऊंगा तो मैं अपने सेट वाले दोस्तों के लिए भी चॉकलेट्स लेकर जाऊंगा।'

फ्रेंडशिप-डे के मौके पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए अबान का मैसेज है, 'अपने फ्रेंड्स की हमेशा हेल्प करें, उनके साथ एंज्वॉय करें और हमेशा उनसे कनेक्टेड रहें। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है हरिति जोशी



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा की भूमिका निभा रही हरिति जोशी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का मन मोह रखा है। वह अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप को बहुत इंपॉर्टेंट मानती है। हरिति कहती है, 'दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है। फ्रेंड्स के साथ मैं खुलकर बोलती हूं, हंसती हूं, खेलती हूं, उनसे नई-नई बातें सीखती हूं। अच्छे दोस्त हर खुशी को और भी खास बना देते हैं। मुश्किल समय में भी हमेशा साथ खड़े रहते हैं।'

फ्रेंड्स के साथ मेमोरेबल मोमेंट्स के बारे में पूछने पर हरिति चहकते हुए बताती है, 'वैसे तो दोस्तों के साथ का अपनी लाइफ का कोई खास मेमोरेबल मोमेंट याद नहीं आ रहा है, लेकिन मेरे लिए सबसे यादगार पल तब हो जाता है, जब 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' की शूटिंग के बीच हमें थोड़ा ब्रेक मिलता है, हम सब फ्रेंड्स मिलकर गेम खेलते हैं, खूब मस्ती करते हैं।' अबकी फ्रेंडशिप-डे पर हरिति की क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'इस बार फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों के साथ टाइम स्पेंड करूंगी। अगर शूटिंग होगी तो वहीं सेट पर अपने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करूंगी। अगर छुट्टी मिली तो बाहर घूमने या साथ में कोई मजेदार एक्टिविटी करने का प्लान बनाऊंगी।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए हरिति का फ्रेंडशिप-डे पर स्पेशल मैसेज है, 'हमेशा अपने दोस्तों का साथ दें। दोस्ती सबसे खूबसूरत रिश्ता है, इसलिए इसे हमेशा प्यार और भरोसे के साथ निभाएं। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

---

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## मेहनत का महत्व बताती कहानियां

बच्चो, इस बार हम तुम्हें एक ऐसी पुस्तक के बारे में बता रहे हैं, जिसमें मेहनत के महत्व को समझाती चार कहानियां हैं। किशोर श्रीवास्तव द्वारा रचित इस पुस्तक का नाम है- मेहनत का फल। पुस्तक की पहली कहानी 'नाम नहीं काम बड़ा' में तुम पढ़ोगे कि बुद्धूमल के नाम को लेकर स्कूल में उसके दोस्त उसे चिढ़ाया करते थे। दोस्तों के चिढ़ाने से उसने अपनी क्लास में जाना ही छोड़ दिया। यह तो अच्छा हुआ कि उसे एक ऐसे साधु मिले, जिन्होंने नाम को लेकर उसकी आंखें खोल दी। जब बुद्धूमल अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाकर क्लास में अव्वल आया तो वह सभी का चहेता बन गया। यह कहानी हमें सिखाती है कि नाम से बड़ा और महत्वपूर्ण काम होता है।



पुस्तक की शीर्षक कहानी 'मेहनत का फल' में एक घटना में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रोमू को बड़ी मुश्किल से स्कूल में प्रवेश मिला था, लेकिन उसने पैरों से लिखना सीखकर जब बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले में पहला स्थान प्राप्त किया तो उसकी सफलता के आगे सब नतमस्तक हो गए। तीसरी कहानी 'अपना घर सबसे प्यारा' में सोमू से जब उसकी मां ने घर में इस्तेमाल किए गए कप धोने के लिए कहा तो यह बात उसे बहुत बुरी लगी। उसने गुस्से में घर छोड़ दिया। भूख लगने पर जब उसे होटल में जूठे बर्तन धोने के लिए मजबूर होना पड़ा तो उसे अपनी गलती का अहसास हुआ और वह वापस अपने घर की ओर चल पड़ा।

किताब की अंतिम कहानी 'बुराई की हार' यह सिखाती है कि कभी भी झूठ बोलकर दूसरों के साथ धूर्तता नहीं करनी चाहिए। अगन, मगन, छगन और ठगन चारों मिलकर लोहे की मूर्ति को चांदी की बताकर लोगों को ठगा करते थे, लेकिन भोलाशंकर की चतुराई से उन सभी की पोल खुल गई और उन्हें कारावास की सजा मिली। *

**किताब:** मेहनत का फल (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** किशोर श्रीवास्तव, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** के. बी. एस. प्रकाशन, दिल्ली

---

तन्मय और मोनू बहुत अच्छे दोस्त थे। एक दिन दोनों आपस में झगड़ पड़े। बातचीत बंद कर दी। अब एक दूसरे के साथ कोई खेलने वाला नहीं था। दोनों अकेले पड़ गए। तन्मय और मोनू को अपनी दोस्ती खूब याद आती। क्या दोनों में सुलह हो पाई? दोनों फिर से दोस्त बन पाए?

## दोस्तों की सुलह



कहानी



सरस्वती रमेश

एआई इमेज

तन्मय और मोनू बहुत पक्के दोस्त थे। दोनों साथ-साथ खेलते, स्कूल जाते। एक दिन दोनों क्रिकेट खेल रहे थे। तन्मय ने बैटिंग करते समय बॉल इतनी जोर से मारी कि पता नहीं किधर चली गई। दोनों दोस्तों ने इधर-उधर चारों तरफ बॉल खोजी, लेकिन बॉल नहीं मिली। बॉल मोनू की थी। वह तन्मय से झगड़ने लगा, 'तुमने मेरी बॉल जानबूझकर जोर से मारकर खो दी। तुम मुझे मेरी बॉल कहीं से भी लाकर दो, चाहे बाजार से खरीद कर दो।'

'मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं, जो मैं खरीद कर दूं।' तन्मय ने अपनी मजबूरी बताई।

'मुझे नहीं पता, कहीं से भी लाकर दो। नहीं तो मैं तुमसे कट्टी कर लूंगा।' मोनू तेज आवाज में बोला।

तन्मय भी चिढ़ गया, 'कट्टी करनी है तो कर ले।'

इस कहा-सुनी के बाद दोनों दोस्तों के बीच बोलचाल बंद हो गई। मोनू को देख तन्मय मुंह फेर लेता। मोनू का गुस्सा भी कोई कम नहीं था। वह भी तन्मय की अनदेखी करने लगा।

दोनों के बीच बातचीत बंद होने के बाद अब मोनू के साथ खेलने वाला कोई साथी ना था। शाम को पार्क में वह साइकिल अकेला ही चलाता। पहले तन्मय कभी-कभी उसकी साइकिल के पीछे-पीछे दौड़ लगाता था या फिर कभी-कभी मोनू की साइकिल के पीछे लगे कैरियर पर बैठ जाता। दोनों खूब मस्ती करते। अब अकेले साइकिल चलाने में मोनू को जरा भी मजा नहीं आता। उसे तन्मय की याद आती।

उधर तन्मय का भी मोनू के बिना मन नहीं लग रहा था। एक दिन उसने सोचा, आज जब पार्क में मोनू दिखेगा, उससे सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेगा। तन्मय पार्क जाकर मोनू का इंतजार करने लगा। काफी देर बीत गई, लेकिन मोनू ना आया। उदास होकर तन्मय घर वापस आ गया।

असल में उस दिन मोनू के पापा रिमोट से चलने वाली नई कार लेकर लाए थे। मोनू कार पाकर बहुत खुश था, लेकिन वह कार किसके साथ चलाए, उसे समझ में नहीं आ रहा था। उसका पक्का दोस्त तन्मय तो नाराज चल रहा था। मोनू ने अपनी परेशानी पापा को बताई। पापा ने कहा, 'बेटा, हम सबका कभी-कभी आपस में झगड़ा हो जाता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों को लेकर ज्यादा समय तक नाराज रहना अच्छा नहीं।'

'पापा गलती तो तन्मय ने की। उसने मेरी बॉल क्यों खो दी।' मोनू बोला।

'कोई बात नहीं बेटा। मैं नई बॉल लाकर तुम्हें दे दूंगा। तुम जाओ और तन्मय से सुलह कर लो।' पापा ने मोनू का समझाया।

मोनू को पापा की बात समझ में आ गई। वह अपनी रिमोट से चलने वाली कार लेकर तन्मय के घर चल दिया। रास्ते में उसने कप केक खरीद लिए। कप केक तन्मय को बहुत पसंद है। उसने सोचा, वह सॉरी बोलकर तन्मय को कप केक पकड़ा देगा। तन्मय खुश होकर उसे माफ कर देगा।

मोनू कप केक खरीद कर तन्मय के घर की ओर जा ही रहा था कि तभी दोनों दोस्त रास्ते में आमने-सामने टकरा गए। तन्मय को देखकर मोनू ने कहा, 'अरे तन्मय तुम यहां, मैं तो तुम्हारे घर जा रहा था।'

तन्मय ने खुश होकर कहा, 'मैं भी तुम्हारे घर जा रहा था, तुमसे माफी मांगने।'

'अच्छा! लेकिन अब माफी की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अब मैं तुमसे बिल्कुल नाराज नहीं हूं।' यह कहते हुए मोनू ने झट से तन्मय को कप केक पकड़ा दिया। तन्मय कप केक पाकर बहुत खुश हुआ। उसने अपने दोस्त मोनू को थैंक्स कहा। मोनू ने तन्मय को अपनी रिमोट वाली कार दिखाई और बोला, 'चलो दोस्त, हम अब साथ में कार चलाते हैं। दोबारा कभी आपस में न लड़ने का वादा करते हैं।'

तन्मय ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। दोनों दोस्त गले मिले और एक-दूसरे से प्रॉमिस किया- 'यह दोस्ती कभी नहीं तोड़ेंगे।' *

---

कविता

सूर्य कुमार पांडेय

## सच्चे मित्र

जिनसे अपने मन मिलते हैं
भीतर नए फूल खिलते हैं
वे ही सच्चे मित्र हमारे।
जिनके साथ खुशी से रहते
अपने मन की बातें कहते
वे ही अच्छे मित्र हमारे।
जिनके साथ करें हम चैटिंग
जिनके साथ करें हम बैटिंग
वे ही सारे दोस्त हमारे।
जिनसे हों पढ़ने की बातें
काम मुसीबत में जो आते
वे ही प्यारे दोस्त हमारे।



---

## जीके क्विज-216

1. हाल में किस केंद्रीय मंत्री को शिक्षा मंत्रालय का भी दायित्व सौंपा गया है?
2. पिछले दिनों वाराणसी में स्थित किस धार्मिक स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया?
3. स्पेन में हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में किस महिला भारोत्तोलक ने स्वर्ण पदक जीता?
4. इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
5. ऋग्वेद किस भाषा में लिखा गया है?
6. प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थित है?
7. ऑक्सीजन का रासायनिक प्रतीक क्या होता है?
8. पृथ्वी का प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
9. देश के उपराष्ट्रपति संसद के किस सदन के सभापति होते हैं?
10. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-216 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-215 का उत्तर :** 1.स्पेन, 2.जेनिक सिनर, 3.विक्रम-1, 4.दिसपुर, 5.सी.पी. राधाकृष्णन, 6.विष्णुगुप्त/कौटिल्य, 7.मुंशी प्रेमचंद, 8.मध्य प्रदेश, 9.बाल गंगाधर तिलक, 10.26 जुलाई

**जीके क्विज-215 का सही उत्तर देने वाले :** जिया शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, मिशा-रायपुर, कोमल-दुर्ग, राजन-बिलासपुर, हर्षिता-रोहतक, उत्तम-भोपाल, शिखा-महासमुंद, तनुजा-महेंद्रगढ़, सुमन-बालोद

---

## रंग भरो-207

**रंग भरो-207** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**मोक्षित, ब्यावर**



आशना, जांजगीर



सार्थक, कोरबा



देवांश, महेंद्रगढ़



कुंजल, रायपुर



दिशा, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

दिव्या-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, सान्वी-बिलासपुर, केतन-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रिया-जांजगीर, रेणु-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, शौर्य-गुना, पूजा-करनाल, हंसिका-बालोद

---

## रंग भरो 208




बच्चो, यहां बेस्ट-फ्रेंड्स टीना और मीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाने का मिलेगा मौका

# खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय खेलों में बहाया पसीना, उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीते मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में गर्ल्स व ब्वायज उतकृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। शिक्षा विभाग की ओर से गर्ल्स व ब्वायज की अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। शिक्षा विभाग से एईओ भूपेन्द्र यादव व एईओ सुनील कुमार की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने स्केटिंग, शतरंज, योगासन व ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इससे पहले खिलाड़ियों ने खंड स्तर पर दमखम दिखाया था। अब खिलाड़ी जिला स्तर पर जीत दर्ज कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान पक्का कर रहे है।

### इनलाइन स्केटिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

अंडर-14 बालिका वर्ग में यूरो धारूहेड़ा की अकृति यादव, होली चाइल्ड की अनन्या यादव और यूरो धारूहेड़ा की आव्या ने बेहतर प्रदर्शन किया। अंडर-17 में राज स्कूल की प्राची सैनी व चंचल तथा यूरो धारूहेड़ा की काव्या ने स्थान हासिल किया। अंडर-19 में आरपीएस धारूहेड़ा की मुस्कान, डीपीएस रेवाड़ी की गुनीत और हर्षिता ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं बालक वर्ग के इनलाइन मुकाबलों में अंडर-14 में आरपीएस धारूहेड़ा के पार्थ, राज इंटरनेशनल स्कूल के आर्यन, कैंब्रिज स्कूल रेवाड़ी के वंश और सूरज स्कूल कोसली के दक्षित ने स्थान हासिल किया। अंडर-17 में यूरो रेवाड़ी के यजत व कनिक तथा यूरो धारूहेड़ा के वेदांश ने दमखम दिखाया। अंडर-19 में यूरो रेवाड़ी के करण, आरपीएस धारूहेड़ा के हर्षित व हर्ष तथा राठ इंटरनेशनल स्कूल खंड के चीज ने शानदार प्रदर्शन किया।


रेवाड़ी। स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### स्केटिंग प्रतियोगिताओं के परिणाम

क्वाड्स स्केटिंग में अंडर-14 बालिका वर्ग में सीआर इंटरनेशनल स्कूल बावल की पूर्वी ने प्रथम, राज स्कूल की मानवी ने द्वितीय और डीपीएस रेवाड़ी की तान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में डीपीएस स्कूल की आरवी प्रथम, डीपीएस स्कूल की गुनीत द्वितीय और जेपीएस की सारा तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-19 बालिका वर्ग में डीपीएस रेवाड़ी की पारिश्का ने प्रथम व भूमिका ने द्वितीय, जबकि आरपीएस धारूहेड़ा की पिहू शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं बालक वर्ग के अंडर-14 में आरपीएस रेवाड़ी के टी. रघुरमन और मनव तथा समर वैली पब्लिक स्कूल के रूपेश ने स्थान हासिल किया। अंडर-17 में एमएलपी रेवाड़ी के गौरव, यूरो धारूहेड़ा के सुग्गेत, आरपीएस रेवाड़ी के प्रिंस और सीबीआर के रिशभ ने बेहतर प्रदर्शन किया। अंडर-19 वर्ग में माउंट हेरिटेज के दिपेंद्र, जीएलएच के गौरव और आरपीएस धारूहेड़ा के स्पर्श ने स्थान बनाया।

### ताइक्वांडो में किया प्रतिभा का प्रदर्शन



ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-14 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने दम दिखाया। खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इससे पहले प्रतियोगिता के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालिका वर्ग में भी ताइक्वांडो मुकाबले आयोजित किए गए थे। अंडर-11 आयु वर्ग में 35 किलोग्राम में गौरव बाल भारती, 38 किलोग्राम में गौरव आरपीएस रेवाड़ी, 41 किलोग्राम में पायस एचसीपीएस, 45 किलोग्राम में रिद्धिमान जेपीएस, 46 किलोग्राम में जयेश झा आरपीएस रेवाड़ी, 51 किलोग्राम में अरहम जेपीएस, 55 किलोग्राम में आराध्या जेपीएस, 59 किलोग्राम में संयम जेपीएस, 63 किलोग्राम में समीर आरपीएस, 69 किलोग्राम में कनिष्क यूरो स्कूल, 73 किलोग्राम में व्रतेश जीएलएच, 78 किलोग्राम में भारत जेपीएस और 78 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में चिराग आरआईएस ने हिस्सा लिया। अंडर-14 वर्ग में 21 किलोग्राम में हर्ष यादव बाल भारती, 23 किलोग्राम में सुशांत विमल स्कूल, 25 किलोग्राम में मुकेश जेपीएस, 27 किलोग्राम में मीत आरआईएस, 29 किलोग्राम में हितेन जेपीएस, 32 किलोग्राम में आयुष जेपीएस, 35 किलोग्राम में अयान आरपीएस, 38 किलोग्राम में नमन जीएलएच, 41 किलोग्राम में समीर जीएलएच और 41 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में तेजस आरपीएस ने दम दिखाया। अंडर-19 वर्ग में 45 किलोग्राम में अंकुश समरवैली स्कूल, 48 किलोग्राम में सौरव आरपीएस, 51 किलोग्राम में लविश आरपीएस, 55 किलोग्राम में राहुल एचसीपीएस, 59 किलोग्राम में ऋषाग्रा जेपीएस, 63 किलोग्राम में तन्मय माउंट हेरिटेज, 68 किलोग्राम में हर्ष सोनू जेपीएस, 73 किलोग्राम में नमन जीएसएसएस, 78 किलोग्राम में मयंक एपीएस बावल और 78 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में नतनीश जेपीएस ने मुकाबला जीता।

### अंडर-14 वर्ग शतरंज के परिणाम



शतरंज प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में आरपीएस धारूहेड़ा से अमायरा, वंशवी ने राज इंटरनेशनल स्कूल, परिनीति ने आरपीएस धारूहेड़ा और पूजा ने सूरज स्कूल रेवाड़ी की ओर से मुकाबले में भाग लिया। अंडर-17 वर्ग में अमिशी ने आरपीएस धारूहेड़ा, कोयशी ने राज इंटरनेशनल स्कूल, तनिष्का ने आरपीएस कसोली तथा रिया ने यूरो स्कूल धारूहेड़ा का प्रतिनिधित्व किया। अंडर-19 वर्ग में करिश्मा ने विकास इंटरनेशनल, मान्या ने रिती पब्लिक स्कूल, प्रियवांशी राव और लक्षिता ने आरपीएस रेवाड़ी की ओर से प्रतिभागिता की।


रेवाड़ी। खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

# खेल स्पर्धा में विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

### विकास इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने रोशन किया नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

महेंद्रगढ़ रोड स्थित विकास इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर स्थान बनाया है। अंडर -17 आयु वर्ग में कबड्डी टीम द्वितीय स्थान पर रही। अंडर-14 वर्ग में फुटबॉल टीम का जिला स्तर पर चयन हुआ। अंडर-14 वर्ग 400 मीटर रेस में रजत ने प्रथम स्थान पर रहा। अंडर-14 वर्ग के लॉन्ग जंप में यश प्रथम स्थान पर रहा। अंडर-17 वर्ग में लकी का हॉकी टीम में जिला स्तर पर चयन हुआ। अंडर-14 वर्ग में शॉर्टपुट में पियूष ने प्रथम, अंडर-17 वर्ग की हर्डल रेस में दक्ष प्रथम, अंडर -14 वर्ग में शिलानस का खो-खो में चयन, अंडर-14 वर्ग में बैडमिंटन में दक्ष ने प्रथम व, लक्ष्य द्वितीय पर रहे। अंडर -17 वर्ग में शॉर्टपुट में नितिन ने प्रथम व अंडर-19 वर्ग में खो-खो टीम जिला स्तर पर चयनित हुई। अंडर-17 वर्ग में अनु और अंडर-14 वर्ग में चेस प्रतियोगिता में एकता प्रथम स्थान पर रही। अंडर-19 वर्ग में 400 मीटर रेस में जानवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्य कुशल पाल सिंह यादव ने विजेताओं को बधाई दी।

### अर्धसैनिक बल के पूर्व जवानों की बैठक 2 को

कोसली। रेवाड़ी में सीजीएचएस डिस्पेंसरी की शुरूआत को लेकर हजारों पैरा मिलिट्री परिवारों में जश्न का माहौल है। सीजीएचएस डिस्पेंसरी की खुशी में नाहड़ गांव के शहीद पार्क में दो अगस्त को पूर्व अर्ध सैनिकों के परिवारों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व एडीजी सीआरपीएफ एचआर सिंह करेंगे। एक्स पैरा मिलिटरी फोर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष वीरभान बड़गुर्जर ने कहा कि जिले में सीजीएचएस डिस्पेंसरी खुलने से रेवाड़ी सहित आस पास के जिले झज्जर, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी में रहने वाले हजारों पैरा मिलिट्री परिवारों को सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व अर्ध सैनिकों की ओर से पिछले 11 सालों से किए जा रहे लगातार शांतिपूर्ण संघर्ष का परिणाम है कि हरियाणा में जिले के अलावा बहादुरगढ़ व रोहतक में डिस्पेंसरी अलाट हुई हैं।



### नागरिकों की समस्याओं का स्थायी समाधान करें अधिकारी: एसडीएम

रेवाड़ी। कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि विभागीय अधिकारी किसी भी शिकायत का निवारण करते समय यह ध्यान रखे कि यह समस्या भविष्य में दोबारा फिर कभी सामने न आए। इसलिए हर शिकायत का निराकरण स्थाई तौर पर किया जाए। एसडीएम वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में जन शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने शिकायतें सुनकर अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। इनमें अधिकांश शिकायतें दूषित पानी, जलभराव, राजस्व विभाग व अतिक्रमण से संबंधित थी। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर तभी सार्थक साबित होंगे, जब लोगों की समस्याओं का समाधान स्थाई रूप से होगा। एसडीएम ने कोसली उपमंडल में मुख्यमंत्री की ओर से घोषित की गई विकास योजनाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि ये विकास घोषणाएं जल्दी से जल्दी पूरी की जाएं, जिससे कि नागरिकों को इनका लाभ मिल सकें। शिविर में नायब तहसीलदार नेहा यादव, बिजली वितरण निगम के एसडीओ रोहित, सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी एसपी मेहता,

# भव्य रूप में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में 15 अगस्त को देश के आजादी के राष्ट्रीय पर्व देशभक्ति व राष्ट्र प्रेम की भावना से मनाया जाएगा। एडीसी राहुल मोदी ने जिले में 80वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य व गरिमामयी ढंग से मनाने के लिए वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम की भावना से ओत-प्रोत होने के साथ-साथ प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद हों।


रेवाड़ी। अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते एडीसी राहुल मोदी।

उन्होंने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत आवश्यक व्यवस्थाएं समन्वय से पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय सहित उपमंडल कोसली व बावल में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामयी व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य गतिविधियों की तैयारियां समय रहते पूरी करें।

एडीसी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल की साफ-सफाई, सौंदर्यकरण, साज-सज्जा, स्वागत गेट, आसपास की सडकों की मरम्मत, स्टेज प्रबंधन, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर सराहनीय कार्य करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों के नॉमिनेशन आमंत्रित किए गए हैं और विभागाध्यक्ष पात्र कर्मचारी के नाम भेज सकते हैं।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीएसपी संजीव भलारा, डीआरओ प्रदीप देशवाल, डीआईओ सचिन कुमार, सीएमजीजीए नैंसी, जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव व महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# बार-बार और बहुत तेज सिरदर्द हो रहा है तो इसे नजरअंदाज न करें: डॉ. रजनीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



सिरदर्द एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है। कभी यह हल्का होता है तो कभी इतना तेज कि रोजमर्रा के काम करना मुश्किल हो जाता है। हर सिरदर्द एक जैसा नहीं होता। इसके अलग-अलग कारण और प्रकार होते हैं, इसलिए सही समय पर इसकी पहचान और इलाज बहुत जरूरी है। न्यूरोलॉजी विभाग डा. रजनीश कुमार ने बताया कि सिरदर्द के पीछे तनाव, पर्याप्त पानी न पीना, नींद की कमी, लंबे समय तक मोबाइल या कंप्यूटर का इस्तेमाल, भोजन समय पर न करना, माइग्रेन, साइनस या हाई ब्लड प्रेशर जैसी वजहें हो सकती हैं।

#### सिरदर्द के प्रमुख कारण

सिरदर्द मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है। पहला प्राइमरी सिरदर्द, जिसमें टेंशन सिरदर्द, माइग्रेन और क्लस्टर सिरदर्द शामिल हैं। दूसरा सैकेंडरी सिरदर्द, जो किसी दूसरी बीमारी, साइनस संक्रमण, सिर में चोट या दर्द की दवाओं के अधिक इस्तेमाल के कारण हो सकता है। डा. कुमार ने कहा कि यदि सिरदर्द अचानक बहुत तेज हो, सिर में चोट के बाद शुरू हो, इसके साथ कमजोरी, धुंधला दिखाई देना, तेज बुखार, गर्दन में अकड़न या बार-बार उल्टी हो, तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

#### सिरदर्द से बचाव के उपाय

सिरदर्द से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पिएं, समय पर संतुलित भोजन करें, 7 से 9 घंटे की नींद लें, तनाव कम करें और स्क्रीन का लगातार उपयोग करने से बचें। नियमित व्यायाम और सही जीवनशैली भी सिरदर्द की समस्या को काफी हद तक कम कर सकती है। यदि सिरदर्द बार-बार हो या लंबे समय तक बना रहे, तो विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह लेना सबसे बेहतर विकल्प है।

### 'मन की बात' कार्यक्रम अपलोड करने में अव्वल भाजपा खोरी मंडल का सम्मान



रेवाड़ी। भाजपा खोरी मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक वीरवार को पार्टी कार्यालय में हुई, जिसमें जिला प्रभारी नसीम अहमद, जिलाध्यक्ष वंदना पोपली, मन की बात कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक हरविंद्र कोहली व बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के गुरूग्राम लोकसभा संयोजक हरविंद्र कोहली ने कहा कि यह कार्यक्रम देश की जनता को सीधे पीएम मोदी के साथ दिल से जोड़ने का कार्य कर रहा है। पीएम खुद इस कार्यक्रम के माध्यम से हर बार नई जानकारी देश की जनता से सांझा करते हैं। विदेशों में रह रहे भारतीयों को भी मन की बात कार्यक्रम काफी रास आ रहा है। इस कार्यक्रम को सरल पोर्टल पर 100 प्रतिशत अपलोड करने पर खोरी मंडल पहले स्थान पर रहा है, जिससे मंडल प्रधान नरेश यादव व अन्य पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। जिला प्रभारी नसीम अहमद ने कहा कि पार्टी के सभी मंडल पदाधिकारियों को पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम को निरंतर सरल पोर्टल पर अपलोड करना चाहिए। संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में पदाधिकारी सकारात्मक और प्रभावी कदम उठाएं।

## जयपुर मंडल के फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखंड पर होगा दोहरीकरण कार्य, रेलसेवाएं रहेंगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जयपुर मंडल के फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखंड पर कुंड-पाली-खोरी स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के कारण नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि कार्य के कारण रेलसेवाएं रद्द, मार्ग परिवर्तित व आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19620 रेवाड़ी-फुलेरा रेलसेवा, गाड़ी संख्या 19619 फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा तथा गाड़ी संख्या 19621 फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा 29 अगस्त से 24 सितंबर तक रद्द रहेगी। इनके अलावा गाड़ी संख्या 59709 जयपुर-भिवानी रेलसेवा व गाड़ी संख्या 59710 भिवानी-जयपुर रेलसेवा 12 अगस्त से 24 सितंबर तक रद्द रहेगी। वही गाड़ी संख्या 59633 रेवाड़ी-रींगस रेलसेवा तथा गाड़ी संख्या 59634 रींगस-रेवाड़ी रेलसेवा 29 अगस्त, 30 अगस्त, 5 सितंबर, 6 सितंबर, 12 सितंबर,13 सितंबर, 19 सितंबर व 20 सितंबर को रद्द रहेगी।

#### इन रेलसेवाएं का मार्ग बदलेगा

गाड़ी संख्या 15091 दौराई-टनकपुर रेलसेवा 29 अगस्त, 31 अगस्त, 1 सितंबर, 3 सितंबर, 5 सितंबर, 7 सितंबर, 8 सितंबर, 10 सितंबर, 12 सितंबर, 14 सितंबर, 15 सितंबर, 17 सितंबर, 19 सितंबर, 21 सितंबर, 22 सितंबर व 24 सितंबर को दौराई से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19604 गोड्डा-दौराई रेलसेवा 11 अगस्त, 18 अगस्त, 25 अगस्त, 1 सितंबर, 8 सितंबर, 15 सितंबर व 22 सितंबर को गोड्डा से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14087 दिल्ली-जैसलमेर रेलसेवा 12 अगस्त से 24 सितंबर तक दिल्ली से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी।

### नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक



रेवाड़ी। पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने वीरवार को अभियान के दौरान गांव भूरथल जाट व काकोड़िया में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। नशा शरीर ही नहीं, बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया तथा यातायात के नियमों की भी जानकारी दी। एएसआई ने कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति हो तो डायल 112 पर सूचना दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें।

**आस्था**

## दूध से महादेव के अभिषेक से होती है पुत्र की प्राप्ति



# श्रावण के पहले दिन मंदिरों में भीड़ भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

### गन्ने के रस से अभिषेक करने पर लक्ष्मी की प्राप्ति, मधुयुक्त जल से अभिषेक करने से होती है धन वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

#### घी से अभिषेक करने पर वंश विस्तार होता है

ज्योतिषाचार्य ने कहा कि शर्करा मिश्रित दुग्ध से अभिषेक करने से सद्बुद्धि की प्राप्ति, घी से अभिषेक करने पर वंश विस्तार होता है। सरसों के तेल से अभिषेक करने पर रोग तथा शत्रु का नाश हो जाता है। शुद्ध शहद से अभिषेक करने पर पाप दूर हो जाते हैं। उन्होंने शिव के रुद्र रुप के पूजन और अभिषेक करने से जाने-अनजाने में होने वाले पापाचरण से श्रद्धालुओं को छुटकारा मिल जाता है।

वीरवार से श्रावण माह का आगाज हो गया। पहले दिन शहर के शिव मंदिरों व शिवालयों पर जलाभिषेक करने के लिए श्रृद्धालुओं की काफी भीड़ रही। शहर के घंटेश्वर महादेव मंदिर, अनाजमंडी शिव मंदिर, बारा पत्थर भूतेश्वर महादेव मंदिर व सोलहराही भूतेश्वर महादेव मंदिर में श्रृद्धालुओं ने भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। शिवपुराण में उल्लेख है कि भगवान शिव का पूरे विधि-विधान के अनुसार रुद्राभिषेक किया जाना चाहिए। ज्योतिषाचार्य दलीप शास्त्री ने श्रावण के पहले दिन श्रद्धालुओं को रुद्राभिषेक के विधि-विधान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महादेव का जल से अभिषेक करने पर वृष्टि होती है। कुशाजल से अभिषेक करने पर श्रद्धालुओं को रोग व कष्टों से छुटकारा मिल जाता है। दही से अभिषेक करने पर पशु, भवन व वाहन की प्राप्ति होती है। गन्ने के रस से अभिषेक करने पर लक्ष्मी की प्राप्ति, मधुयुक्त जल से अभिषेक करने से धन वृद्धि, तीर्थ जल से अभिषेक करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी प्रकार इत्र मिले जल से अभिषेक करने पर बीमारी दूर होती है, दूध के अभिषेक से पुत्र प्राप्ति, प्रमेह रोग की शांति तथा मनोकामना पूर्ण होती है। गंगाजल से अभिषेक करने पर ज्वर ठीक हो जाता है।

# मोबाइल फोन गुम होने पर नजरअंदाज न करें बन सकता है साइबर ठगी का कारण : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि मोबाइल फोन आज प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। ऐसे में यदि मोबाइल फोन गुम हो जाता है या चोरी हो जाता है, तो इसे केवल एक सामान्य नुकसान समझकर नजर अंदाज न करें। गुम हुआ मोबाइल अगर साइबर अपराधियों के हाथ लगा तो निजी जानकारी, बैंक खातों, सोशल मीडिया अकाउंट्स तथा अन्य डिजिटल सेवाओं का दुरुपयोग कर साइबर ठगी को अंजाम दिया जा सकता है।

एसपी ने कहा कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में बिना समय गंवाए सबसे पहले अपने नंबर को संबंधित टेलीकॉम कंपनी से तुरंत बंद कराएं। इसके बाद अपने बैंक खातों, यूपीआई आईडी, इंटरनेट बैंकिंग, ई-वॉलेट, ईमेल तथा सोशल मीडिया अकाउंट्स के पासवर्ड तुरंत बदल दें, ताकि किसी भी प्रकार के अनधिकृत उपयोग की संभावना समाप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने मोबाइल का आईएमईआई नंबर सुरक्षित रखे तथा मोबाइल गुम होने पर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से उसे तुरंत ब्लॉक कराने की प्रक्रिया शुरू करे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहदीनपुर खण्ड जाटूसाना में एक अस्थायी सफाई कर्मी की नियुक्ति की जानी है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन सरपंच ग्राम पंचायत मोहदीनपुर के पास 01 अगस्त से 07 अगस्त 2026 तक जमा करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सरपंच विजयपाल के मो॰ 9416471863 पर संपर्क करें।

सरपंच, ग्राम पंचायत मोहदीनपुर
खंड जाटूसाना जिला रेवाड़ी

**ग्राम पंचायत कोसली**
खण्ड-नाहड़, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)-123302

**ग्राम पंचायत कोसली में पार्किंग की बोली छोड़े जाने की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोसली में पार्किंग की बोली एवं रेहड़ियों के स्थान की बोली छोड़ी जानी है। जिसके लिए इच्छुक बोली दाता दिनांक 07.08.2026 को पंचायत घर कोसली में सुबह 10 बजे पंचायत की बैठक में हिस्सेदारी ले सकता है। सभी पंचायत की नियमावली बोली शुरू होने से पहले बोली दाता को पढ़कर सुनाई जाएगी। पार्किंग स्थल राजीव गांधी स्टेडियम के पास बनाई जाएगी।

सरपंच-रामकिशन (ग्राम पंचायत कोसली)
खण्ड नाहड़, जिला रेवाड़ी (हरियाणा), फोन नंबर 9416578178

## एचवीपीएन ने लगाया 100 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर

# ओवरलोडिंग के झंझट से मुक्त हुआ सब स्टेशन

**मेन पावर हाउस की क्षमता हुई 300 एमवीए**

### 3.41 करोड़ की लागत से स्थापित ट्रांसफार्मर का संचालन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भविष्य में बिजली लोड बढ़ने की संभावना और वर्तमान में किसी ट्रांसफार्मर में आने वाली तकनीकी खराबी के कारण पैदा होने बिजली के संकट का एचवीपीएन ने स्थाई समाधान कर दिया है। निगम ने वीरवार को लगभग 3.41 करोड़ रुपये की लागत से मेन पावर सब स्टेशन में 100 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक चालू कर दिया है, जिससे अन्य सब स्टेशनों को निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। अभी तक मेन पावर सब स्टेशन में 220 केवी बिजली को 132 केवी में परिवर्तित करने वाले 100 एमवीए क्षमता के दो स्टेप डाउन ट्रांसफार्मर लगे हुए थे। पावर सब स्टेशन का लोड हर साल बढ़ता है, जिस कारण इस पावर सब स्टेशन का लोड 90 एमवीए के पार पहुंच चुका है। सब स्टेशन में पहले से ही 100 एमवीए क्षमता के दो पावर ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। लोड के हिसाब से दोनों ट्रांसफार्मर पर्याप्त हैं, लेकिन इनमें से किसी एक ट्रांसफार्मर में आने वाली तकनीकी खराबी संकट खड़ा कर सकती थी।

निगम ने भविष्य में बिजली के बढ़ते हुए लोड की संभावना को देखते हुए 100 एमवीए क्षमता का एक और ट्रांसफार्मर स्थापित करने का निर्णय लिया था। निगम मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद ट्रांसफार्मर खरीद लिया गया था। इसे स्थापित करने में काफी समय लग गया। वीरवार को निगम अभियंताओं की मौजूदगी में इस ट्रांसफार्मर को सफलतापूर्वक संचालित कर दिया गया।


रेवाड़ी। ट्रांसफार्मर का संचालन शुरू करते समय मौजूद निगम के अभियंता व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**इमरजेंसी में दूसरे सब स्टेशनों को सप्लाई**

भारी गर्मी के चलते पावर सब स्टेशनों में ट्रांसफार्मर खराब होने की आशंका बनी रहती है। इस सब स्टेशन की कैपेसिटी बढ़ने के बाद आसपास के जिलों में ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में इस पावर सब स्टेशन पर लोड डाला जा सकता है। आने वाले समय में लोड बढ़ने की सूरत में लंबे समय तक इस सब स्टेशन में ओवरलोडिंग की समस्या नहीं रहेगी।

■ नए ट्रांसफार्मर के चालू होने के बाद लोड दो की जगह तीन ट्रांसफार्मरों पर डाल दिया गया

**इन पावर सब स्टेशनों को मिलेगा फायदा**

इस नए ट्रांसफार्मर के चालू होने के बाद लोड दो की जगह तीन ट्रांसफार्मरों पर डाल दिया गया है। लोड विभाजित होने के बाद ट्रांसफार्मर गर्म होने की आशंका भी कम हो जाती है। इस ट्रांसफार्मर के चालू होने से 132 केवी क्षमता के गंगायचा जाट व कमालपुर सब स्टेशनों से जुड़े कम क्षमता के सब स्टेशनों को फायदा मिलेगा। अगर मेन पावर हाउस में किसी ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आती है, तो भी बिजली संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**ये रहे मौजूद**

ट्रांसफार्मर का संचालन शुरू करते समय निगम के एक्सईएन संजय यादव, एमएंडपी गुरूग्राम के एक्सईएन अमित मान, एसएसई कविंद्र यादव, अरुण यादव एसडीओ, जगप्रवेश व अनूप यादव जेई, ठेकेदार विकास यादव व एचवीपीएन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सफल संचालन पर एक्सईएन संजय यादव ने समस्त स्टाफ को बधाई दी।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण का पहला चरण पूरा, आज होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम एवं दिशा-निर्देशों अनुरूप विशेष पुनरीक्षण का पहला चरण पूर्ण कर लिया गया है। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रारंभिक प्रकाशन, कार्यक्रम एवं प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई।

**दूसरे चरण में 31 जुलाई से 30 अगस्त तक प्राप्त किए जाएंगे दावे आपत्तियां**

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा तथा 31 जुलाई से 30 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, जबकि उनका निस्तारण 28 सितंबर किया जाएगा। बैठक के उपरांत हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ एसआईआर अभियान की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एएसडीडी व अनमैपड मतदाताओं की सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा की वेबसाईट सीईओहरियाणा.जीओवीइन पर अपलोड कर दी गई है। डीसी मीणा ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम प्रारम्भिक मतदाता सूची 2026 में शामिल हैं परन्तु वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं है या किसी लॉजिकल एरर के कारण सही मैपिंग नही हुई, उन सभी मतदाताओं को नोटिस जारी किया जाएगा। यदि कोई मतदाता किसी कारणवश अपना गणना प्रपत्र निर्धारित अवधि में जमा नहीं करा सका।


रेवाड़ी। सचिवालय में जानकारी देते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

**प्रक्रिया में सहयोग करें राजनीतिक दल**

डीसी मीणा ने कहा कि राजनीतिक दल भी इस प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दें तथा पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने और त्रुटियों के समयबद्ध निराकरण में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि जिले की मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन तैयार की जा सकें। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई से 30 अगस्त तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर रहेगा। जिन पात्र नागरिकों का नाम ड्राफ्ट सूची में नहीं होगा, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकेंगे। यदि किसी मतदाता का नाम हटाने का मामला होगा या इनमें किसी के नाम की स्पेलिंग गलत है, तो किसी का फोटो या पता मिसमैच सहित दूसरी खामियां हैं, उन्हें पहले नोटिस देकर संबंधित ईआरओ के पास सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाएगा, 28 सितंबर तक नोटिस जारी करने और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया चलेगी। सुनवाई के दौरान दाखिल किए जाने वाले दस्तावेजों से पहचान साबित हुई तो संबंधित मतदाता का नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल होगा, अन्यथा काट दिया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 3 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सीटीएम जितेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार चुनाव अजय यादव, चुनाव कानूगो संजय कुमार, बीजेपी से बीर सिंह छावड़ी, आईएनएलडी से राजवंत डहीनवाल, बीएसपी से जीवनराम गर्ग, आप से एससी अग्रवाल व कांग्रेस से सुभाष छावड़ी मौजूद रहे।

# लेखन स्पर्धा के विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में हुई लेखन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन के प्रति रुचि विकसित करना, भाषा-कौशल को समृद्ध करना तथा तार्किक एवं रचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता के पहले ग्रुप में विश्वामित्र सदन की प्रियांशी ने प्रथम, परशु सदन की निष्ठा ने द्वितीय तथा द्रोण सदन की मानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरे ग्रुप संदीपनी सदन की रिधिमा ने प्रथम, द्रोण सदन की प्रकृति ने द्वितीय तथा विश्वामित्र सदन की चित्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसी साहित्यिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता, रचनात्मकता तथा आत्मविश्वास को नई दिशा प्रदान करती हैं।

# अंतर सदनीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में परशु सदन का दबदबा, प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल अंतर सदनीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, अभिनय कौशल, अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास तथा टीम भावना का विकास करना रहा। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में परशु सदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। परशु सदन में हार्दिक कौशिक, नमी यादव, प्रियांशी, प्रियांशु, निष्ठा, तनिष्का, प्रियंका, गरिमा, तन्मय, सन्नी, प्रतीक मुद्गिल, कनिष्ठा तथा हर्षिका शामिल थे। द्वितीय स्थान विश्वामित्र सदन ने प्राप्त किया। इस सदन में ओजस्विनी, हिमांशी, ऋशब बंगड़वा, सौम्य, पलविश, याशु, कुनाल, गौरियांश, मोक्ष, चंचल, चित्रा, दिविशा तथा प्रियदर्शिनी ने प्रतिभा दिखाई। तृतीय स्थान द्रोण सदन ने प्राप्त किया, जिसमें रजत, पूर्व, चंचल, निधि, ईशांत, हार्दिक, मानवी, दीप्ति, अनमोल, करुणा, यश तथा कृष शामिल थे। संदीपनी सदन के विद्यार्थियों भावना, समीक्षा, रिया, पारिन, अर्नव, आदित्य, सान्वी, दक्ष, चारू तथा तन्नू ने भी अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से सभी का मन मोहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य व स्टाफ सदस्यों ने विजेता सदनों के सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।


रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी शिक्षकों के साथ।

# गर्ल्स कॉलेज में 250 पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में वीरवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनसीसी विंग, एनएसएस प्रकोष्ठ व बॉटनी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कॉलेज प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया व पर्यावरण जागरूकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक पौधे लगाना व उनका संरक्षण न सिर्फ हमारे वर्तमान के लिए, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों व छात्राओं को पौधों के संरक्षण व परिसर को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर करीब 250 पौधे रोपित किए गए जिसमें मुख्य रूप से औषधीय गुणों वाले पौधे शामिल रहे। डा. यशपाल, नरेंद्र सिंह, डा. स्वाति, डा. सुनीता, डा. रजनी, डा. रेणु, ज्योति यादव, डा. योगेश, पूनम, शीतल, मनीषा व मीनाक्षी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।



# अधिक से अधिक पौधे लगाने व संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

हरियाणा सरकार के स्वच्छ हरियाणा-हरित हरियाणा अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन वीरवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने पौधरोपण करके किया। इस अवसर पर करनाल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राज्य स्तरीय वन महोत्सव समारोह का वर्चुअल प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में डीसी अभिषेक मीणा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी, कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह तथा जिला वन अधिकारी दीपक नंदा भी मौजूद थे। समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित इको क्विज प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधरोपण का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान मातृ सम्मान और प्रकृति संरक्षण का अनूठा संदेश देता है। इसी भावना के अनुरूप मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भी व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों पर कर में छूट दी है।

**इको क्विज प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित**


रेवाड़ी। आईजीयू में पौधरोपण करते विधायक, डीसी व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**पर्यावरण सरंक्षण के बिना मानव जीवन का विकास संभव नहीं**

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि पर्यावरण स्वच्छ और सुरक्षित नहीं होगा तो मानव जीवन का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन करने, खाली स्थानों पर कचरा न फेंकने, ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण न करने तथा पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व विवि प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण, अधिकाधिक पौधारोपण तथा लगाए गए पौधों की देखभाल का सामूहिक संकल्प भी लिया।

# अहीर कॉलेज में 1000 छायादार फलदार व औषधीय पौधे किए रोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अहीर कॉलेज में इको-क्लब की ओर से वीरवार को प्राचार्या डा. उर्मिला शर्मा के मार्गदर्शन एवं वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. मुक्ता अरोड़ा की उपस्थिति में मेगा पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में लगभग 1000 छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डा. शर्मा ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. अरोड़ा ने विद्यार्थियों को वृक्षों के वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय महत्व से अवगत कराते हुए प्रकृति संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन इको-क्लब की संयोजिका डा. मीना कुमारी के नेतृत्व में किया गया। पौधरोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

**इको क्विज प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित**



### महिला छात्रावास में लगाए फलदार पौधे

मीरपुर। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में चल रहे साप्ताहिक पौधरोपण समारोह के अंतर्गत कुलपति प्रो. असीम मिगलानी एवं कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने भगिनी निवेदिता महिला छात्रावास परिसर में फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर विवि प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा हरित परिसर के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में विधि विभाग के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक डा. मुकेश कुमार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रोफेसर करण सिंह, डा. अमनदीप, डा. अनीता तथा डा. कुसुम यादव सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

**पौधरोपण** कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या डा. नमिता ने पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

# केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं, उनका रखरखाव करना भी आवश्यक


रेवाड़ी। बावल कॉलेज में पौधरोपण करते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से वीरवार को गवर्नमेंट कॉलेज बावल में एनसीसी व एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डा. नमिता ने पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. नमिता ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका नियमित संरक्षण एवं रखरखाव करना भी आवश्यक है। एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट भूपेश ने ने कहा कि पौधरोपण प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है तथा पौधों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कैडेट्स से प्रत्येक लगाए गए पौधे को जीवित रखने का संकल्प लेने का आग्रह किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी समीर यादव ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण एवं उनके संरक्षण की आवश्यकता है। गर्ल्स विंग एनएसएस की समन्वयक डा. दिव्यांशी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं। उन्होंने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता के संरक्षण के लिए पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वन विभाग का सहयोग रहा। इस मौके पर सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की शपथ भी ली।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डा. इंदरजीत, डा. परविंदर, डा. नीरू बाई सैनी, ईश्वर सिंह, संतपाल व हरिराम सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित थे।

### कोसली कॉलेज में अनेक पौधे लगाए

कोसली। जाटूसाना गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने छायादार एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से उपयोगी पौधे लगाए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार ने स्वयंसेवकों को पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ भविष्य का आधार भी है। इस अवसर पर प्राध्यापक डा. देवेन्द्र सिंह, तरुण राव, ओजैर गुल, शिवानन्द द्विवेदी, विनोद कौशिक व विकास जाखड़ उपस्थित थे।


रेवाड़ी। राजकीय महाविद्यालय में पौधरोपण करते विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य।